# मकानों में घुसा बरसात का पानी

## राजेन्द्र नगर वार्ड वासियों ने किया चक्का जाम



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 21 अगस्त, वार्ड 20 राजेंद्र नगर की झुग्गी झोपड़ियां कच्चे मकानों मैं तेज बरसात होने से घरों के अंदर पानी घुस गया. इससे लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और सभी एकत्रित हो गए और पार्षद उमराव के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे गाली गलौज भी कुछ लोग कर रहे थे.**

चक्का जाम होने से पूरा आवागमन रुक गया.जैसे ही प्रशासन को जानकारी मिली किसी तरह समझाइस देकर चक्का जाम समाप्त कराया.वहां के लोगों का कहना था की गटर बंद हो गया.उसके ऊपर सड़क का निर्माण कर दिया गया नालियां भी नहीं है.इस कारण पानी का बहाव रुक गया और बस्ती के अंदर मकान दुकानों में पानी भर गया.वार्ड पार्षद पर आरोप लगाते हुए वहां के लोगों ने कहा कि गरीबों की बस्तियों में निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है.गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है उनसे कहा जा रहा है की तुम सभी अतिक्रमणकारी हो तुम लोगों ने सड़क तक कब्जा कर रखा है.इस स्थिति में निर्माण कार्य कैसे कराए जाएं पार्षद ने स्थिति को देखते ही इधर-उधर हो गए क्योंकि लोगों में आक्रोश बहुत था यह स्थिति नगर के अन्य वार्डों में भी बनी हुई है समय रहते इस और गंभीरता से ध्यान दिया जाए.

# बीमा की राशि कम मिलने से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

## ट्रेक्टर रैली निकाल कर तहसील को घेरा



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई 21 अगस्त,कुरवाई तहसील में फसल बीमा की राषियां किसानों के खाते में भेजी जा रहीं हैं, जिसमें जमा की गई प्रीमिएम राशि के समकक्ष ही बीमा राषियों का भुगतान किया जा रहा है.वहीं किसानों को यूरिया, डीएपी, एनपीके खाद की पूर्ति नहीं होने, से किसानों में आक्रोष व्याप्त है.युवा किसान संगठन के नेतृत्व में आधा सैकडा ट्रेक्टर ट्रॉलियों में सवार किसानों ने तहसील कार्यालय को घेर कर किसानों ने नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एसडीएम नितिन कुमार जैन को युवा किसान नेता सुयष तिवारी ने ज्ञापन पत्र सौंप कर किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई.**

ज्ञापन पत्र सौंपने बाले किसानों में प्रमुख रूप से ग्राम नाही, देवली, गुदावल, सीहोरा, पनावर, बुखारा, शाहपुर, हिनौता, राजपुर क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर आधा सैकडा से अधिक ट्रेक्ट्रालियों की रैली, मण्डीबामौरा सीहोरा से आरम्भ कर कुरवाई तहसील तक निकाली, जिसमें तिरंग्गा झण्डा लगाकर किसानो ने हम अपना अधिकार मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते के नारे लगाये, तहसील कार्यालय पहुंच कर युवा नेता सुयष तिवारी ने सम्बोधित करते हुए मध्यप्रदेष के मुखिया सीएम मोहन यादव से किसानों की समस्याओं का तत्तकाल निराकरण करने की मांग की गई.किसान नेताओं के नेतृत्व में ज्ञापन पत्र सौंप कर किसानों ने बीमा की राषियां पर्याप्त दिलवाने तथा क्षेत्र में किसानों को समय पर खाद की आपूर्ति करवाये जाने, किसानों की समस्याओं समय रहते तत्तकाल निराकरण करवाये जाने की मांगे रखीं. ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर करने बालों में अनेक प्रमुख किसान नेता शामिल थे.

### एक नजर में

## नेताजी बोस की मनाई पुण्यतिथि

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाई गई. इस अवसर पर पाठक संघ की संयोजक दीपक तिवारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं वरिष्ठ समाज से भी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा के कटक में हुआ था उन्हें नेताजी के नाम से भी जाना जाता है. अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी का एक नारा बहुत प्रसिद्ध था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोड़ा डॉ अशोक रोहिली नरेंद्र जैन बबलू राय सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे.

## दावा-आपत्ति हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर करें आवेदन

**नवभारत न्यूज**
**सांची,** परियोजना सांची अंतर्गत संचालित 81 केंद्रों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आमंत्रित ऑनलाइन आवेदनों की सूची जारी कर दी गई है. प्रकाशित सूची में 4 कार्यकर्ता एवं 77 सहायिका पदों की अंतिम चयन सूची शामिल है.परियोजना अधिकारियों ने जानकारी दी कि चयन सूची के प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के भीतर आवेदनकर्ता एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से ही अपना दावा-आपत्ति दर्ज कर सकते हैं. दावे-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रहेगी तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति कार्यालय में ऑफलाइन स्वीकार नहीं की जाएगी.अधिकारियों ने आवेदकों से अपील की है कि निर्धारित समय-सीमा में एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही अपनी आपत्ति दर्ज कर सुनिश्चित करें कि उनकी समस्या का निराकरण समय पर हो सके.

## 23 को चिड़ौरिया धाम से मेहगांव तक निकलेगी 20 किमी की पदयात्रा

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कल 23 अगस्त शनिवार को चिड़ौरिया धाम के महाराज पंडित अंशुल शास्त्री महाराज द्वारा चिड़ौरिया धाम से मेहगांव धाम रायसेन तक एक धार्मिक पदयात्रा निकाली जाएगी. महाराज पंडित अंशुल शास्त्री महाराज ने इस धार्मिक पदयात्रा को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा कि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने और विदिशा के विजय मंदिर के ताले खुलवाने की मांग को लेकर यह धार्मिक पदयात्रा निकाली जा रही है. यह पदयात्रा करीब 20 किमी की रहेगी.जिसमें सभी हिंदू संगठनों के सदस्यों सहित आमजन सहभागिता करेंगे. यह पदयात्रा 23 अगस्त की सुबह चिड़ौरिया धाम से प्रस्थान करेगी जो सुबह 10 बजे विदिशा के पीतलमील चौराहे पहुंचेगी जो अहमदपुरा चौराहे से होती हुई मेहगांव धाम रायसेन के लिए प्रस्थान करेगी.

# संभाग में जीता गोल्ड अब स्टेट की बारी

## सैण्ट एसआरएस स्कूल में विजेताओं का हुआ सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** गुरुवार को स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में संभाग स्तर पर गोल्ड हासिल करने वाले ताइक्कांडों खिलाड़ियों का सम्मान किया गया.खिलाड़ियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए संस्था के डायरेक्टर के.एस.यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, खेल अधिकारी कपिल गौड़, गजेन्द्र सिंह दांगी सहित शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं.कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि भोपाल के आई.ई.एस स्कूल कालीखेड़ा में संभाग स्तरीय ताइक्कांडों प्रतियोगिता सम्पन्न हुई थी. जिसमें संस्था की दिशा यादव ने अंडर 17 जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था.इसी तरह अंडर 19 वर्ग में सक्षम जाटव ने गोल्ड जीता था.गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर दोनों खिलाड़ियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया.ज्ञात हो कि गत वर्ष भी दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं.संस्था डायरेक्टर के.एस .यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव सहित शिक्षकों ने दोनों खिलाड़ियों को सागर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं एवं शुभाशीष दिया है.

# प्रस्फुटन समितियों का हुआ प्रशिक्षण वर्ग, हुआ विस्तार से विमर्श

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, गुरुवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की तहसील स्तरीय प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एवं कार्यशाला नगर के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में संपन्न हुई.**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया.इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधवी माथुर, मुख्य वक्ता समाजसेवी चक्रेश श्रीवास्तव, संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, समाजसेवी पंकज श्रीवास्तव तथा ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी मुख्य रूप से मौजूद रहे.इस अवसर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए समाजसेवी चक्रेश श्रीवास्तव ने स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत पर विस्तार से विचार रखे.उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों और संसाधनों के प्रयोग से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि देश को वैश्विक स्तर पर मजबूती भी मिलेगी.उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर छोटे उद्योगों को बढ़ावा दें और रोजगार सृजन में सहयोगी बनें.मुख्य अतिथि माधवी माथुर ने नशा मुक्ति, स्वदेशी उत्पादों के महत्व और संस्कार केंद्रों की स्थापना पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और इसके खिलाफ जन जागरण आवश्यक है. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें और संस्कार, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर हों. उन्होंने बताया कि संस्कार केंद्र समाज में सामूहिक चेतना और नैतिक मूल्यों को जीवित रखने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं.समाजसेवी पंकज श्रीवास्तव ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए कहा कि यह केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है. उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि नशा परिवार की आर्थिक स्थिति को कमजोर करता है और सामाजिक ताने-बाने को भी तोड़ देता है. इस अवसर पर इमलानी सेक्टर के नवांकुर प्रभारी अंकित पाठक ने स्वदेशी संकल्प का सामूहिक वाचन कराया.सभी उपस्थित जनों ने स्वदेशी अपनाने और समाजहित के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया.कार्यक्रम का आभार विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी ने व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने किया.इस दौरान नवांकुर संस्था प्रमुख रामचरण कुर्मी, देवेंद्र विश्वकर्मा, किशोर कुर्मी, कृष्णचंद पटेल, नरेंद्र दांगी, इंदर रघुवंशी, दिनेश शाक्य सहित बड़ी संख्या में नवांकुर सखी, प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

### माटी के गणेश, सिद्ध गणेश पर डाला प्रकाश

जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नवांकुर संस्थाओं और प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की जानकारी दी.उन्होंने बताया कि ये समितियां शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर लगातार कार्य कर रही हैं. वही संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने माटी गणेश, सिद्ध गणेश और नवांकुर सखी जैसी गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया.

# कालिदास के मंच पर संस्कृत के गौरव बने वेदांत आश्रम के विद्यार्थी हुए सम्मानित



## राज्यमंत्री ने विदिशा में विद्यार्थियों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, कालिदास संस्कृत अकादमी मप्र संस्कृति परिषद उज्जैन एवं जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के संस्कृत विभाग के संयुक्त निर्देशन में संस्कृत गौरव सप्ताह के अंतर्गत विदिशा में आयोजित हुई.जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नगर के संत जगन्नाथदास संस्कृत उमा विद्यालय के बटुक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्कृत गीत एवं संवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया है.**

बुधवार को विदिशा के रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुए जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रतियोगिता में शामिल रहे वेदांत आश्रम के प्रतिभागियों को गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया.

उल्लेखनीय है कि जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य महाराज जी द्वारा जीवाजीपुर में स्थापित वेदांत आश्रम के संत श्रीजगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय ने एक बार फिर क्षेत्र का मान बढ़ाया है. संस्कृत गौरव सप्ताह की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियां में पुरस्कार अर्जित किए हैं.आयोजकों और निर्णायकों ने भी संत श्रीजगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि गंजबासौदा के छात्रों ने जिस समर्पण और आत्मविश्वास से भाग लिया, वह वास्तव में प्रेरणादायी है.आश्रम के महंत हरिदास जी महाराज ने बताया कि जगद्गुरु जी के आशीर्वाद, विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य और शिक्षकगणों के साथ-साथ विद्यार्थियों की लगन, मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि मिली है. वेदांत आश्रम ट्रस्ट के सदस्यों और नगरवासियों,ने छात्रों को बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### जिले में वेदांत के विद्यार्थियों का परचम लहराया

संस्कृत गौरव सप्ताह के अंतर्गत विदिशा में आयोजित हुई प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षा के 15 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रतियोगिता के दौरान नगर के वेदांत आश्रम के विद्यार्थी सिद्धांत भार्गव ने संस्कृत गीत प्रतियोगिता में मधुर स्वर और शुद्ध उच्चारण से प्रस्तुति देते हुए निर्णायकों को प्रभावित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया.संवाद प्रतियोगिता में अमन शर्मा और रोहित बैरागी ने अपने तर्क, प्रस्तुति और संस्कृत संभाषण कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर द्वितीय स्थान पाया.वहीं कनिष्ठ वर्ग गीत प्रतियोगिता में पवन बैरागी ने तृतीय स्थान हासिल किया.

# वसुधैव कुटुंबकम थीम पर बनाये पोस्टर

## भारतीय ज्ञान परंपरा अंतर्गत हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर डॉ. अभिषेक चौहान द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वसुधैव कुटुंबकम विषय पर व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को आपसी भाईचारा और शांति की सांस्कृतिक विरासत के बारे में समझाया गया. डॉ. रूबी ताम्रकार ने वसुधैव कुटुंबकम के महत्व को समझाते हुए विश्व शांति में भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों को बताया. डॉ. सैयद उरूज अहमद ने कहा कि भारत अपने विश्व गुरु होने की छवि को आधुनिक समय में कायम रखे हुए है. इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा वसुधैव कुटुंबकम थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया. जिसमें प्रथम किरण कोली, द्वितीय शीतल नगीना एवं तृतीय कान्हा यादव रही. प्रो. सीताराम तिवारी ने वैश्विक समरसता में भारतीय भूमिका को रेखांकित किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने वसुधैव कुटुंबकम का वैश्विक परिवेश में महत्व बताया. तकनीकी मार्गदर्शन प्रो. संघप्रिय गौतम एवं वीरेंद्र कुमार सेन ने प्रदान किया. कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

## रमेश बाबू जाट विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासोदा,** गंजबासौदा विधायक हरी सिंह रघुवंशी द्वारा रमेश बाबू जाट रिटायर्ड आडिट आफीसर को गंज बासोदा ग्यारसपुर विधान सभा क्षेत्र में सहकारिता विभाग हेतु विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया.

## 11वें विशाल भंडारे के लिए श्रद्धालु रवाना

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** भारत भ्रमण तीर्थ यात्री एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से गिरराज जी परिक्रमा मार्ग में राधा सर्वेश्वर आश्रम में 11वां विशाल भंडारे के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था कृष्णा गणेश गार्डन से रवाना हुआ. पहले जत्थे में कमलेश सिंह यादव,जसवंत सिंह यादव,देवेंद्र सिंह ठाकुर, बृजेश सप्रे, करोड़ी लाल साहू चेतराम साहू,कैलाश कुमार केवट,देशराज सिंह ठाकुर,हरिचरण मामा,सालक राम शर्मा, अंकित साहू ,अजय साहू ,रमेश साहू बीना, कृष्णा बागड़ी,अनुराग राजपूत ,सहित सैकड़ो श्रद्धालु सम्मिलित हैं.दूसरा जत्था 22 अगस्त को रवाना होगा ।23 अगस्त अमावस्या पर्व पर गिरिराज जी धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा.इसके साथ ही भारत माता मानस मंडल के द्वारा गिर्राज जी धाम में सुंदरकांड भी किया जाएगा.कमलेश सिंह यादव,जसवंत सिंह यादव ने बताया कि 2012 से लगातार श्री गिर्राज जी में भंडारा आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में बताया कि 22 अगस्त को बिहारी जी दर्शन एवं शाम को गिरिराज जी की परिक्रमा 23 अगस्त को प्रात: 7 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन एवं विशाल भंडारा आपकी आ जाएगा एवं शाम 7 बजे परी म्यूजिक ग्रुप के द्वारा महारास का आयोजन 24 अगस्त को बरसाना , बलदेवी, राधा रमण रेवती के दर्शन कर शाम को घर वापसी होगी.

### आयोजन | सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में अंतरिक्ष दिवस पर हुआ सेमिनार

# अंतरिक्ष हमें सिखाता है कोई सपना बड़ा नहीं होता-वैज्ञानिक डीपी यादव



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** सेण्ट एस आर एस स्कूल के सभागार में आयोजित सेमिनार में इसरो वैज्ञानिक डी.पी. यादव ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों, अंतरिक्ष हमें सिखाता है कि कोई भी सपना बड़ा नहीं होता. अगर आप मेहनत, अनुशासन और लगन से काम करेंगे, तो आप भी आने वाले दिनों में वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर या जिस क्षेत्र में चाहें, वहाँ नई ऊँचाइयाँ छू सकते हैं. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आप सब के बीच आकर मुझे बहुत गर्व और प्रसन्नता हो रही है.यह दिन हमें याद दिलाता है कि भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में कितनी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं.हमारे देश के वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत और समर्पण से चंद्रयान, मंगलयान और कई उपग्रह मिशन पूरे किए हैं.ये केवल वैज्ञानिक उपलब्धियाँ नहीं हैं, बल्कि हर भारतीय के लिए गर्व की बात है.

यह बात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान बंगलौर के युवा वैज्ञानिक धर्वेन्द्र यादव ने स्कूल के कक्षा 11 व 12 के विज्ञान के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही.उन्होंने छात्रों को मोटीवेट करते हुए कहा कि आप सभी भारत का भविष्य हैं. मैं आपसे यही कहना चाहूँगा कि हमेशा जिज्ञासु रहें, प्रश्न पूछते रहें और नई चीज़ें सीखते रहें. यही गुण आपको आगे ले जाएगा. इस अवसर पर छात्रों ने विज्ञान, अंतरिक्ष और कैरियर से संबधित सवाल पूछे, जिनका बड़े ही सहज-सरल तरीके से जबाव देकर उन्हें संतुष्ट किया.इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सब बच्चे और शिक्षक परिवार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि हम अपने सपनों को कभी छोटा नहीं मानेंगे और मेहनत व समर्पण, और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए अपने देश का नाम रोशन करेंगे.आज हमारे देश में मानव संसाधनों तथा अन्य संसाधनों की कोई कमी नहीं है.हम जो चाहें ,वह कर सकते हैं.हम सभी को सोच समझ कर सही दिशा में कदम उठाने की जरूरत है, रास्ता अपने आप मिलता जाएगा.कुछ लोग सफलता तो पाना चाहते हैं किंतु सही दिशा में कम नहीं उठाते ,थोड़ा सा उठाते भी हैं फिर रुक जाते हैं इससे रास्ता तैयार नहीं होता.हमें प्रतिदिन लगातार कड़ी मेहनत करनी होगी तभी हम सर्वोच्च पद एवं अन्य ऊंचाइयां पा सकते हैं.आज इसरो ने जो मिशन पूर्ण किए हैं, उनमें बहुत ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी है.अगर हमें कहीं असफलता मिली है ,तो उनको हमने नोट डाउन किया है तत्पश्चात पुनः सफलता प्राप्त करने के लिए उसी में जुट गए हैं. उसका परिणाम आज आपके सामने है.यदि आप कुछ दिन दस बारह घंटे लगातार पढे,फिर छोड़ दिया, तो सफलता पाना असंभव है.मैं बस आप से यही कहना चाहूंगा, कि आप लगातार कुछ समय निकालकर पढ़ाई करते रहें , सफलता निश्चित मिलेगी.लगातार अभ्यास से हर कार्य संभव हो जाता है.उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार कड़ी मेहनत करने की शपथ भी दिलाई.संस्था की काउंसलर श्रीमती संघमित्रा यादव ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया.सेमिनार में संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, डॉ विजय कुमार जैन, विज्ञान शिक्षिका एवं कौर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, व्याख्याता दिनकर कद्रे , सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा.


**बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित वरवाई, तहसील कुरवाई**

पंजीयन क्रमांक 8443/30-06-66 | दिनांक 21.08.2025

**:: वार्षिक आमसभा सूचना ::**

बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित वरवाई के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति वरवाई में 59वीं साधारण सभा दिन गुरूवार दिनांक 04-09-25 को दोपहर 01.00 बजे स्थान समिति गोदाम भवन वरवाई में आयोजित की गई हैं। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**चंद्रहास शर्मा** समिति प्रबंधक | **नितिन श्रीराव** प्रशासक

**बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या.रोशन पिपरिया, तहसील कुरवाई**

पंजीयन क्रमांक 156/30-06-67 | दिनांक 21.08.2025

**:: वार्षिक आमसभा सूचना ::**

बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रोशन पिपरिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति रोशन पिपरिया में साधारण सभा दिन गुरूवार दिनांक 11-09-25 को दोपहर 12.00 बजे स्थान समिति गोदाम भवन रोशन पिपरिया में आयोजित की गई हैं। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**उमाशंकर चौबे** समिति प्रबंधक | **नितिन श्रीराव** प्रशासक